पुनना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

कार्य-पत्रक

कक्षा- ६ **विषय- हिन्दी**

कविता- ४ चाँद से थोड़ी-सी गप्पें

प्र-1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मोहित अपने कमरे में उदास बैठा हुआ था। तभी उसकी माँ आई और उसकी उदासी का कारण पूछा। तब मोहित ने रोते हुए अपनी माँ को बताया कि उसने परीक्षा के लिए बहुत मेहनत की थी, किंतु फिर भी उसका परिणाम अच्छा नहीं निकला। उसे लगने लगा कि उसके भाग्य में सफलता है ही नहीं। तब माँ ने उसे समझाया कि इंसान को कभी भी असफलताओं से निराश नहीं होना चाहिए। मानव का कर्तव्य है-केवल कर्म करना। माँ ने उसे उदाहरण देते हुए समझाया कि एक किसान अपने खेतों में फसलें बोता है। धूप-छाँव की परवाह किए बिना दिन-रात मेहनत करता है। किंतु कभी-कभी अचानक बाढ़ आने या सूखा पड़ने के कारण उसकी सारी फसलें नष्ट हो जाती हैं। फिर भी किसान हार नहीं मानता। वह दोबारा अपने खेतों की देख-रेख शुरू क्र देता है, केवल इस विश्वाश पर कि एक दिन उसके खेत फिर से लहलहा उठेंगे। माँ ने मोहित को बताया कि आज बैशाखी का त्यौहार है। किसानों के पूरे वर्ष की मेहनत का परिणाम आज उनके सामने है। माँ ने कहा- मोहित तुमने परीक्षा की तैयारी तो अवश्य की थी, किंतु केवल अंतिम दिनों में। इसलिए तुम्हें सफलता नहीं मिली। यदि तुमने भी किसानों की भाँती पूरा साल परिश्रम किया होता तो आज परीक्षा परिणाम निशित रूप से तुम्हारे हित में होता।

1- परीक्षा परिणाम देखकर मोहित को क्या लगने लगा?
2- किसान किस विश्वास से खेतों की देखभाल करते हैं?
3- मोहित की माँ ने मोहित से क्या कहा?
4- मोहित उदास क्यों बैठा हुआ था?
5- गदयांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र-२ निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करके उनके नाम लिखिए।

1) यहाँ कौन आया था?
2) मेरी कलम खो गई है।
3) वह मेरी कोई भी बात नहीं सुनती है।
4) जैसा करोगे, वैसा भरोगे।
5) आप लोग क्या चाहते हो?
6) कुत्ता अपने आप ही चला जाएगा।
7) उसने अपना काम कर लिया।
8) माँ के कहने पर वह दौड़कर पानी ले आया।

प्र-३ निम्नलिखित व्याकरण के प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1- अनिश्चयवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?
2- निजवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? कोई पाँच उदाहरण लिखिए।
3- प्रश्नवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?
4- पुरुषवाचक सर्वनाम के कोई तीन उदाहरण लिखिए।
5- निश्चयवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?

प्र-४ शब्दों के साथ गोले में लिखा शब्दांश मिलाओ और शब्द बनाओ।

1-



2-